Bihar Public Service Commission

BPSC

Bihar Public Service Commission

# डाउनलोड

# बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 53वीं–55वीं प्रारंभिक परीक्षा

# प्रश्न पत्र

# 53-55वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-2012

## सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित में से कौन-सा एक हड़प्पा का बन्दरगाह है?
(A) सिकन्दरिया (B) लोथल
(C) महास्थानगढ़ (D) नागपट्टनम

उत्तर-(B)

व्याख्या-लोथल गुजरात के अहमदाबाद जिले के सरगवल गाँव के पास स्थिर एक महत्वपूर्ण हड़प्पा सभ्यता स्थल है। यहाँ एस. आर. राव के निर्देशन में खुदाई की गई। यहाँ से गोदी (Duck-yard) (214 × 36 मी.) मिला है। इसे लघु हड़प्पा या लघु मोहनजोदड़ो की संज्ञा एस.आर. राव ने दी है।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-53

2. गुप्त सम्राट, जिसने 'हूणों' को पराजित किया, थे-
(A) समुद्रगुप्त (B) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(C) स्कन्दगुप्त (D) रामगुप्त

उत्तर-(C)

व्याख्या-स्कंदगुप्त के समय में हूणों ने खुशनेवाज के नेतृत्व में आक्रमण किया, किंतु वे बुरी तरह हरा दिए गए। हूण आक्रमण की पुष्टि भीतरी स्तंभलेख, जूनागढ़ अभिलेख, चंद्रगोमिन व्याकरण, कथासरित्सागर आदि स्रोतों से होती है।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-409

3. कल्हण की पुस्तक का नाम क्या है ?
(A) अर्थशास्त्र (B) इण्डिका
(C) पुराण (D) राजतरंगिणी

उत्तर-(D)

व्याख्या-राजतरंगिणी कल्हण द्वारा विरचित कश्मीर का इतिहास है। आठ तरंगों में विभाजित इस पुस्तक में आरंभ से लेकर 12वीं सदी तक का इतिहास वर्णित है। यह उत्कृष्ट संस्कृत गद्य साहित्य कश्मीर नरेश जयसिंह (1127-1159) के काल में लिखा गया।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-795

4. किस अभिलेख में रुद्रदामन प्रथम की विभिन्न उपलब्धियाँ वर्णित हैं ?
(A) जूनागढ़ (B) भीतरी
(C) नासिक (D) साँची

उत्तर-(A)

व्याख्या-रूद्रदामन पश्चिमी भारत के शकों का राजा था। उसने महाक्षत्रप की उपाधि धारण की। 150 ई. का उसका जूनागढ़ अभिलेख प्रशस्ति के रूप में मिला है, जिसमें उसकी विजयों, व्यक्तित्व तथा कृतित्व का विवरण है।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-327

5. गुलाम वंश का प्रथम शासक कौन था ?
(A) कुतुबुद्दीन ऐबक (B) इल्तुतमिश
(C) रजिया (D) बलबन

उत्तर-(A)

व्याख्या-मुहम्मद गोरी के बाद उसके भारतीय साम्राज्य का स्वामी उसका सबसे महत्वपूर्ण गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक हुआ, जिसने गुलाम वंश की नींव डाली।
स्रोत-भारत का इतिहास (1000-1707) आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं०-45

6. अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय देवगिरि का शासक कौन था ?
(A) प्रतापरुद्र देव (B) रामचन्द्र देव
(C) मलिक काफूर (D) राणा रतन सिंह

उत्तर-(B)

व्याख्या-अलाउद्दीन खिलजी ने देवगिरि पर पहला आक्रमण 1294 में किया, जब वह कड़ा-मानिकपुर का सूबेदार था। सुलतान बनने के बाद 1306-07 में देवगिरि पर हमला किया गया। 1313 में देवगिरी को सल्तनत में मिला लिया गया। प्रथम दो हमले के समय देवगिरि का शासक रामचन्द्र देव था। 1313 में वहाँ का शासक रामचंद्र देव का पुत्र शंकरदेव था।
स्रोत-आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-102,119-21

7. निम्नलिखित में से किस मुस्लिम शासक ने तीर्थयात्रा-कर समाप्त कर दिया था ?
(A) बहलोल लोदी (B) शेरशाह
(C) हुमायूँ (D) अकबर

उत्तर-(D)

व्याख्या-मुगल शासक अकबर ने धार्मिक सहिष्णुता का प्रदर्शन करते हुए 1563 ई. में तीर्थयात्रा कर को हटा लिया।
स्रोत-आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-437

8. फिरोज तुगलक द्वारा स्थापित 'दार-उल-सफा' क्या था?
(A) एक दानशाला (B) एक खैराती अस्पताल
(C) एक पुस्तकालय
(D) तीर्थयात्रियों के लिए एक अतिथि-गृह

उत्तर-(B)



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**व्याख्या**-फीरोज तुगलक ने 'दार-उल-सफा' नामक एक, खैराती अस्पताल खोला, जिसमें रोगियों को औषधि तथा भोजन मुफ्त मिलता था।

**स्रोत**-आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-163

**9. 'स्थायी बन्दोबस्त' किसके साथ किया गया ?**

(A) जमींदारों के साथ (B) ग्रामीण समुदायों के साथ
(C) मुकद्दमों के साथ (D) किसानों के साथ

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-लॉर्ड कार्नवालिस ने बंगाल, बिहार, उड़ीसा तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1793 में स्थायी बंदोबस्त व्यवस्था लागू की। इसमें जमींदारों को भूमि का स्वामी मानकर उनसे बंदोबस्त किया गया था।

**10. 'प्रार्थना समाज' के संस्थापक कौन थे ?**

(A) आत्माराम पाण्डुरंग (B) तिलक
(C) एनी बेसेंट (D) रासबिहारी घोष

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 में आत्माराम पांडुरंग ने की। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म की कुरीतियों में सुधार करना था। रानाडे तथा भंडारकर इसके अन्य प्रमुख नेता थे।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/स्पेक्ट्रम बुक्स/2007/पृष्ठ सं०-475

**11. भारतीय पुनर्जागरण आन्दोलन के पिता कौन थे ?**

(A) बालगंगाधर तिलक (B) दयानन्द सरस्वती
(C) श्रद्धानन्द (D) राजा राममोहन राय

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-राजा राम मोहन राय (1774-1833) को भारतीय पुनर्जागरण का पिता कहा जाता है।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, आलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/पृष्ठ सं०-325

**12. 'स्वराज दल' की स्थापना किसने की ?**

(A) तिलक एवं चितरंजन दास
(B) गाँधी एवं मोतीलाल नेहरू
(C) गाँधी एवं तिलक
(D) चितरंजन दास एवं मोतीलाल नेहरू

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-सी.आर. दास तथा मोतीलाल नेहरू ने काउंसिल में प्रवेश करने के मुद्दे पर कांग्रेस में विवाद उत्पन्न हो जाने के बाद मार्च, 1923 में स्वराज दल की स्थापना की।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं०-264

**13. 'थियोसॉफिकल सोसाइटी' की स्थापना किसने की ?**

(A) मैडम एच. पी. ब्लावेट्स्की
(B) राजा राममोहन राय
(C) महात्मा गाँधी (D) स्वामी विवेकानन्द

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-1875 में मैडम एच. पी. ब्लावेट्स्की ने थियोसोफिकल सभा की स्थापना अमेरिका में की। बाद में कर्नल एम.एस. अल्काट भी इसमें शामिल हो गए। भारत में इसका कार्यालय 1882 में मद्रास के निकट अड्यार में खोला गया।

**स्रोत**-बी.एल. ग्रोवर/पृष्ठ सं०-277

**14. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक तिलक ने लिखी है?**

(A) इण्डिया इन ट्रान्जिशन (B) गीता रहस्य
(C) गोखले—माई पॉलिटिकल गुरु
(D) डिस्कवरी ऑफ इण्डिया

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-तिलक की दो प्रसिद्ध रचनाएँ है—(i) Arctic Home of the Aryans और (ii) गीता रहस्य।

**स्रोत**-बी. एल ग्रोवर/पृष्ठ सं०-331

**15. महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था ?**

(A) कुण्डग्राम (B) पाटलिपुत्र
(C) मगध (D) वैशाली

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-महावीर का जन्म 599 ई० पू० (बुद्ध के अनुसार 540 ई० पू०) में वैशाली के निकट कुंडग्राम में ज्ञातृक कुल के प्रधान सिद्धार्थ के घर हुआ था।

**स्रोत**-के.सी. श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-820

**16. महात्मा बुद्ध का 'महापरिनिर्वाण' कहाँ हुआ था ?**

(A) लुम्बिनी (B) बोधगया
(C) कुशीनारा (D) कपिलवस्तु

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-483 ई. पू. में 80 वर्ष की आयु में कुशीनगर (कुशीनारा) में महात्मा बुद्ध को महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ।

**स्रोत**-के.सी. श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-829

**17. महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम 'धर्मचक्रप्रवर्तन' किस स्थान पर दिया था ?**

(A) लुम्बिनी (B) सारनाथ
(C) पाटलिपुत्र (D) वैशाली

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश ऋषिपतन (सारनाथ) में पाँच ब्राह्मण संन्यासियों को दिया था। इसे 'धर्मचक्र प्रवर्तन' कहा जाता है।

**स्रोत**-के.सी. श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-825

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**18. मगध की प्रारम्भिक राजधानी कौन-सी थी ?**

(A) पाटलीपुत्र (B) वैशाली

(C) राजगृह (गिरिव्रज) (D) चम्पा उत्तर-(C)

**19. अजातशत्रु के वंश का नाम क्या था ?**

(A) मौर्य (B) हर्यंक

(C) नन्द (D) गुप्त उत्तर-(B)

**व्याख्या**-बिंबिसार का पुत्र अजातशत्रु (492-460 ई.) मगध का प्रसिद्ध राजा हुआ। उसने वैशाली को जीता। उसे 'कुणिक' भी कहा जाता है। यह हर्यंक वंश का शासक था।

**स्रोत**-के.सी. श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-123

**20. तृतीय बौद्ध सभा किस स्थान पर बुलाई गई थी ?**

(A) तक्षशिला (B) सारनाथ

(C) बोधगया (D) पाटलीपुत्र उत्तर-(D)

**व्याख्या**-तृतीय बौद्ध संगीति अशोक महान् के समय पाटलीपुत्र में बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता मोगल्लीपुत्रतिस्स ने की थी। इसमें अभिधम्मपिटक की रचना की गई।

**स्रोत**-के.सी. श्रीवास्तव/पृष्ठ सं०-831

**21. कॉंग्रेस ने 'स्वराज' प्रस्ताव वर्ष 1905 में पारित किया। प्रस्ताव का उद्देश्य था**

(A) अपने लिए संविधान बनाने का अधिकार, परन्तु ऐसा नहीं हुआ

(B) स्व-शासन सुनिश्चित करना

(C) उत्तरदायी सरकार

(D) स्वयं की सरकार

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-कांग्रेस (INC) ने स्वराज प्रस्ताव 1906 के कलकत्ता अधिवेशन में पारित किया, जिसका अर्थ था इंगलैंड का अन्य उपनिवेशों की तरह 'स्वशासन' या 'स्वराज' पाना।

**स्रोत**-स्पेक्ट्रम गाइड/पृष्ठ सं०-95

**22. प्रान्तीय सरकारों का गठन निम्नलिखित में से किस अधिनियम के तहत किया गया था ?**

(A) 1935 का अधिनियम (B) 1932 का अधिनियम

(C) 1936 का अधिनियम (D) 1947 का अधिनियम

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत केंद्र में संघीय ढाँचा तथा प्रांतों में विधानमंडल का प्रावधान दिया गया। चुनावोपरांत 1 अप्रैल, 1937 को प्रांतीय स्वायतत्ता लागू कर दी गई।

**स्रोत**-बी.एल. ग्रोवर/पृष्ठ सं०-401-05

**23. संविधान को 26 जनवरी के दिन लागू करने का निर्णय इसलिए किया गया, क्योंकि-**

(A) कांग्रेस ने इस तिथि को 1930 में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया था

(B) इस तिथि को 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन प्रारम्भ किया गया था

(C) यह एक शुभ दिन था

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं उत्तर-(A)

**24. बिहार में निम्नलिखित के द्वारा विमान सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं-**

(A) केवल इण्डियन एयरलाइंस

(B) केवल सहारा एयरलाइंस

(C) केवल रॉयल नेपाल एयरलाइंस

(D) इण्डियन एयरलाइंस, सहारा एयरलाइंस एवं रॉयल नेपाल एयरलाइंस उत्तर-(?)

**नोट** : सभी विकल्प गलत हैं।

**25. "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे पाकर रहूँगा।" किसने कहा ?**

(A) एम. के. गाँधी (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) बालगंगाधर तिलक (D) भगत सिंह उत्तर-(C)

**26. मद्रास महाजन सभा की स्थापना की गई, वर्ष-**

(A) 1880 में (B) 1881 में

(C) 1882 में (D) 1883 में उत्तर-(*)

**व्याख्या**-मद्रास महाजन सभा की स्थापना मई, 1884 में हुई, जिसका उद्देश्य स्थानीय संगठनों के कार्यों को समन्वित करना था।

(नोट-दिए गए विकल्पों में से कोई सही नहीं है।)

**स्रोत**-बी.एल. ग्रोवर/पृष्ठ सं०-298

**27. भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के प्रथम अधिवेशन में कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया ?**

(A) 52 (B) 62

(C) 72 (D) 82 उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना दिसंबर, 1885 में 72 राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर की। स्थापना में सहयोग ए.ओ. ह्यूम का था।

**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/विपिन चंद्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं०-29

**28. स्वतन्त्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल थे-**

(A) राज गोपालाचारी (B) सुरेन्द्र नाथ

(C) राजेन्द्र प्रसाद (D) बी. आर. अम्बेडकर

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-चक्रवर्ती राजगोपालाचारी स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल (1948-50) थे। 1946-47 में वे गवर्नर-जनरल की कार्यकारी-परिषद् के सदस्य भी रहे थे।

**स्रोत**-बी.एल. ग्रोवर/पृष्ठ सं०-531



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

29. नेशनल काउन्सिल ऑफ एजुकेशन की स्थापना कब हुई ?

(A) 15 अगस्त, 1903 (B) 15 अगस्त, 1904
(C) 15 अगस्त, 1905 (D) 15 अगस्त, 1906

उत्तर-(B)

व्याख्या-राष्ट्रीय शिक्षा परिषद् (National Council of Education) की स्थापना मार्च, 1904 में की गई थी, जिसका उद्देश्य बंग-भंग विरोधी आंदोलन के समय राष्ट्रीय शिक्षा को बढ़ावा देना था।

स्रोत-सुमित सरकार/पृष्ठ सं०-144

30. असहयोग आन्दोलन शुरू किया गया, वर्ष-

(A) 1918 में (B) 1920 में
(C) 1921 में (D) 1922 में उत्तर-(A)

31. मॉन्टैग्यू-चेम्सफोर्ड की रिपोर्ट-

(A) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1976 का आधार बनी
(B) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909 का आधार बनी
(C) भारत सरकार अधिनियम, 1919 का आधार बनी
(D) भारत सरकार अधिनियम, 1935 का आधार बनी

उत्तर-(C)

व्याख्या-भारत सचिव मांटेग्यू तथा वायसराय चेम्स फोर्ड ने 1917 में एक समिति का गठन किया। समिति में विलियम ड्यूक, भूपेन्द्र नाथ वसु तथा चार्ल्स राबर्ट शामिल थे। इस समिति ने सुधारों का मसविदा तैयार किया जिसे जुलाई, 1918 में मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार नाम से प्रकाशित किया गया। यही रिपोर्ट 1919 के भारत सरकार अधिनियम का आधार बनी।

स्रोत-बी.एल. ग्रोवर/पृष्ठ सं०-392

32. 'शेर-ए-पंजाब' के नाम से इनमें से कौन मशहूर थे ?

(A) राजगुरु (B) भगत सिंह
(C) लाला लाजपत राय (D) उधम सिंह उत्तर-(C)

व्याख्या-लाजपत राय (1865-1928) पंजाब के थे। प्रसिद्ध वकील, पत्रकार, लेखक तथा आर्यसमाजी नेता थे। साइमन कमीशन के विरोध के दौरान लाहौर में उनपर पुलिस ने लाठियाँ बरसाईं। फलतः उनका 15 नवंबर, 1928 को निधन हो गया। वे 'शेर-ए-पंजाब' नाम से मशहूर थे। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक- Unhappy India. है।

स्रोत-

33. गाँधी-इरविन समझौता हुआ था-

(A) 1930 में (B) 1931 में
(C) 1932 में (D) 1933 में उत्तर-(B)

व्याख्या-सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान गांधीजी तथा वायसराय इरविन के बीच 5 मार्च, 1931 को समझौता हुआ। वायसराय ने घोषणा थी कि भारत को डोमिनियन स्टेटस प्रदान किया जाएगा। गांधीजी द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने को राजी हुए।

स्रोत-बी.एल. ग्रोवर/पृष्ठ सं०-316

34. निम्न में से कौन-सा गोलमेज सम्मेलन 1932 में हुआ था?

(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) चौथा उत्तर-(C)

व्याख्या-भारत में संवैधानिक सुधारों तथा डोमिनियन स्टेटस प्रदान करने के विषय पर विमर्श हेतु लंदन में तीन गोलमेज सम्मेलन बुलाए गए। प्रथम सम्मेलन नवंबर, 1930 से जनवरी 1931 तक, द्वितीय सम्मेलन सितंबर-दिसंबर, 1931 तथा तृतीय सम्मेलन 1932 में संपन्न हुआ।

35. 'अभिनव भारत' से कौन सम्बन्धित है ?

(A) वी. डी. सावरकर (B) सी. आर. दास
(C) बी. जी. तिलक (D) एस. सी. बोस

उत्तर-(A)

व्याख्या-अभिनव भारत प्रसिद्ध क्रांतिकारी संगठन था, जिसकी स्थापना विनायक दामोदर सावरकर ने 1904 में पूना में की थी।

स्रोत-स्पेक्ट्रम गाइड/पृष्ठ सं०-492

36. 'करो या मरो' का सम्बन्ध किस आन्दोलन से है ?

(A) डांडी (B) असहयोग
(C) खिलाफत (D) भारत छोड़ो उत्तर-(D)

व्याख्या-अगस्त, 1942 में प्रसिद्ध 'भारत छोड़ो आंदोलन' प्रारंभ हुआ जिसमें गांधीजी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। 9 अगस्त की सुबह सभी कांग्रेसी नेताओं को कैद कर जेल में डाल दिया गया।

स्रोत-विपिन चंद्र/पृष्ठ सं०-367-68

37. किसके प्रयत्नों से बिहार प्रान्तीय कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन हुआ ?

(A) जी. के. गोखले (B) श्री दीपनारायण सिंह
(C) श्रीकृष्ण (D) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

उत्तर-(B)

38. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 27वाँ अधिवेशन किस स्थान पर हुआ ?

(A) भागलपुर (B) पटना
(C) राँची (D) बाँकीपुर उत्तर-(?)

व्याख्या-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 27वाँ अधिवेशन 1911 में बी.एन. धर की अध्यक्षता में कलकत्ता में हुआ था। 28वाँ अधिवेशन 1912 में बिहार के बाँकीपुर (पटना)



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

में आर.एन. माधोकर की अध्यक्षता में हुआ।

नोट-सभी विकल्प गलत हैं।

स्रोत-स्पेक्ट्रम गाइड/पृष्ठ सं०-482

**39. हजारीबाग में बिहारी स्टूडेन्ट्स कांफ्रेंस का सोलहवाँ अधिवेशन हुआ-**

(A) 1921 में (B) 1922 में

(C) 1923 में (D) 1924 में उत्तर-(A)

व्याख्या-बिहारी स्टुडेन्ट्स कांफ्रेंस की स्थापना 1906 में हुई थी। इसका 16वाँ अधिवेशन 1921 में हजारीबाग में हुआ।

स्रोत-सृजन बिहार विशेष/P.T./पृष्ठ सं०-27

**40. बिहार के प्रमुख समाचार-पत्र 'बिहारी' के सम्पादक थे-**

(A) बाबू जी. प्रसाद (B) बाबू राम प्रसाद

(C) बाबू गोपाल प्रसाद (D) बाबू माहेश्वर प्रसाद

उत्तर-(D)

स्रोत-बिहार सामान्य ज्ञान-अरिहंत, 2013, पृष्ठ सं०-200

**41. राजकुमार शुक्ला किस गाँव के निवासी थे ?**

(A) मुरली भरहवा के (B) मुरली भीत के

(C) मुरली धीर के (D) मुरली खेर के

उत्तर-(A)

व्याख्या-राजकुमार शुक्ल मुरली भरहवां गाँव (चंपारण) के थे। इन्होंने ही गांधीजी को चंपारण आने का निमंत्रण दिया था।

स्रोत-सृजन बिहार विशेष/P.T./पृष्ठ सं०-27

**42. श्री निवारणचन्द्र दासगुप्ता थे-**

(A) पटना से (B) पुरुलिया से

(C) हाजीपुर से (D) मीनापुर से उत्तर-(A)

**43. कुँवर सिंह राजा थे-**

(A) हमीरपुर के (B) धीरपुर के

(C) जगदीशपुर के (D) रामपुर के उत्तर-(C)

**44. लार्ड सिन्हा ने 1921 में कहाँ के गवर्नर पद से त्यागपत्र दिया था ?**

(A) बिहार-उड़ीसा (B) बंगाल

(C) पंजाब (D) मद्रास उत्तर-(A)

व्याख्या-असहयोग आंदोलन के दौरान बिहार-उड़ीसा के गवर्नर लॉर्ड सच्चिदानंद सिन्हा ने 1921 में गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था।

स्रोत-सृजन बिहार विशेष, P.T., पृष्ठ सं०-28

**45. निम्न में से कौन-सा शहर गंगा नदी के किनारे स्थित नहीं है।**

(A) फतेहपुर (B) भागलपुर

(C) उत्तरकाशी (D) कानपुर उत्तर-(A)

व्याख्या-फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) शहर यमुना नदी के किनारे स्थित है।

स्रोत-The ttk स्कूल एटलस

**46. अमृतसर एवं शिमला लगभग एक ही अक्षांश पर स्थित हैं परन्तु उनकी जलवायु में भिन्नता का कारण है-**

(A) उनकी ऊँचाई में भिन्नता

(B) उनकी समुद्र से दूरी

(C) शिमला में बर्फबारी

(D) अमृतसर में प्रदूषण

उत्तर-(A)

व्याख्या-मैदानों और निम्न भूमियों की तुलना में ऊँचे पर्वत और पहाड़ियाँ ठंडी रहती है। शिमला ऊँचाई पर अवस्थित है, अत: एक ही अक्षांश पर होने के बावजूद अमृतसर से अलग जलवायु पाई जाती है।

स्रोत-NCERT भारत भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XI, पृष्ठ सं०-39

**47. झारखण्ड में कोयला की खाने स्थित हैं-**

(A) झरिया में (B) जमशेदपुर में

(C) राँची में (D) लोहरदग्गा में

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत में 98% कोयला का भंडार गोंडवाना युग का है। झारखण्ड क्षेत्र में कोयला की प्रमुख खानें-झरिया, गिरीडीह, बोकारो तथा करनपुरा है।

स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल, कक्षा-X पृष्ठ सं०-71, संस्करण-2001

**48. क्षेत्रफल के क्रम में भारत के बड़े राज्य है-**

(A) राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र

(B) मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र

(C) महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश

(D) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है, इसके बाद मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र का स्थान आता है। सबसे छोटा राज्य गोवा है।

स्रोत-The ttk स्कूल एटलस

**49. भारत का अधिकतम गेहूँ उत्पादक राज्य है-**

(A) हरियाणा

(B) पंजाब

(C) बिहार

(D) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(D)



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

व्याख्या-भारत में सबसे अधिक गेहूँ उत्पादन करने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। कुल खाद्यान्न, गन्ना के उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश का स्थान सर्वोच्च है।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक, भारतीय अर्थव्यवस्था, 2012, पृष्ठ सं०-101

**50. भारत के किन राज्यों में गन्ना सबसे ज्यादा पैदा होता है?**

(A) बिहार एवं उत्तर प्रदेश
(B) उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान
(C) आन्ध्र प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर
(D) पंजबा एवं हिमाचल प्रदेश

उत्तर-(A)

व्याख्या-गन्ना के प्रमुख उत्पादक राज्य-उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु।

स्रोत-NCERT भारत का भूगोल कक्षा-X , पृष्ठ सं०-99, संस्करण-2001

**51. निम्न में से किस राज्य में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या सबसे अधिक है?**

(A) बिहार (B) प० बंगाल
(C) उत्तर प्रदेश (D) पंजाब

उत्तर-(C)

व्याख्या-2001 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक अनुसूचित जाति की जनसंख्या उत्तर प्रदेश में है और अनुसूचित जन जातियों की सर्वाधिक जनसंख्या मध्य प्रदेश में निवास करती है।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक 2012, पृष्ठ सं०-45

**52. भारतीय कोयला उद्योग की निम्नलिखित समस्याओं पर विचार करें-**

I. निम्न कोटि का कोयला एवं कोयला संचलन में बाधा
II. धुलाई संस्थानों की उपयोग क्षमता में कमी
III. कोकिंग कोयला के आयात पर बढ़ती निर्भरता
IV. कार्य संचालन कीमतें

उपरोक्त में से कौन-सा सही है।

(A) II, III तथा IV (B) I, II, III तथा IV
(C) I, III, तथा IV (D) I, II तथा III

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत में कोयला उद्योग की निम्नलिखित समस्याएँ हैं-निम्न कोटि का कोयला, कोकिंग कोयले का बढ़ता आयात, कार्य संचालन कीमते धुलाई संस्थानों की उपयोग क्षमता की कमी।

स्रोत-भारत का भूगोल, डी० आर० खुल्लर

**53. दुमटी (लोम) मिट्टी में कौन-सा कण मिलता है-**

(A) बालू कण (B) चिकना कण
(C) पांशु कण (D) सभी प्रकार के कण

उत्तर-(D)

व्याख्या-दुमटी मिट्टी में बालू कण, चिकना कण, पांशु कण आदि मिले होते हैं।

स्रोत-NCERT, भूगोल के सिद्धांत, भाग-I, कक्षा-XI, पृष्ठ सं०-58

**54. पौधों में सबसे अधिक पानी किस मिट्टी से मिलता है-**

(A) चिकनी मिट्टी (B) पांशु मिट्टी
(C) बलुई मिट्टी (D) लोम मिट्टी

उत्तर-(D)

व्याख्या-चिकनी मिट्टी में रंध्र बड़े ही सूक्ष्म होते हैं। इसमें जल धीमी गति से रिसता है। बलुई मिट्टी में रंध्र बड़े होते हैं जल का रिसाव तेज होता है। दोमट तीनों का मिश्रण होता है इसलिए पौधों के लिए सबसे अधिक पानी देता है।

स्रोत-NCERT भूगोल के सिद्धांत, भाग-I, कक्षा-IX, पृष्ठ सं०-59

**55. किस मिट्टी में केशिका (कैपिलरी) सबसे अधिक प्रभावशाली होती है-**

(A) चिकनी मिट्टी (B) पांशु मिट्टी
(C) बलुई मिट्टी (D) लोम मिट्टी

उत्तर-(D)

व्याख्या-लोम मिट्टी में केशिका सबसे अधिक प्रभावशाली होती है।

स्रोत-भूगोल के सिद्धांत भाग-I, कक्षा-XI पृष्ठ सं०-58-59

**56. महाद्वीप अलग कैसे हुए?**

(A) ज्वालामुखी फूटने से (B) विवर्तनिक क्रिया से
(C) चट्टानों के वलन और भ्रंशन से
(D) उपरोक्त सभी

उत्तर-(B)

व्याख्या-ऐसा विश्वास किया जाता है कि महाद्वीप एक दूसरे से दूर खिसक रहे हैं। इस विचार का सबसे पहले प्रतिपादन 1924 में अल्फ्रेड वेगनर ने रखा जिसे महाद्वीपीय विस्थापन का सिद्धान्त कहा जाता है। प्रारंभ में महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत से वैज्ञानिक सहमत नहीं थे, किन्तु आगे चलकर प्लेट टैक्टोनिक्स के सिद्धांत ने इसकी पुष्टि कर दी। महाद्वीप प्लेटो के रूप में अर्धद्रवीय सतह पर खिसक रहे है।

स्रोत-NCERT भूगोल के सिद्धांत, भाग-I, कक्षा-XI, पृष्ठ सं०-14

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**57. निम्नलिखित में से कौन-सा सौरमण्डल का भाग नहीं है।**

(A) क्षुद्र ग्रह (B) धूमकेतु

(C) ग्रह (D) निहारिका

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-निहारिका सौरमण्डल का भाग नहीं है। सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले ग्रह, उपग्रह, क्षुद्रग्रह, अन्य आकाशीय पिंड जो सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं, वे सभी सौरमण्डल के अन्तर्गत आते है।

**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस।

**58. अरब सागर के पानी का औसतन खारापन है-**

(A) 25ppt (B) 35ppt

(C) 45ppt (D) 55 ppt

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-महासागरों में औसत लवणता 35‰ है, किन्तु प्रत्येक महासागर, सागर झील आदि में लवण की मात्रा भिन्न-भिन्न होती है। अरब सागर में 36‰ लवणता पायी जाती है। इसलिए (b) इसके करीब है।

**स्रोत**-भौतिक भूगोल सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं॰-366, 368

**59. काहिरा का समय ग्रीनविच से दो घंटा आगे है। अत: यह स्थित है-**

(A) $30^0$ पश्चिमी देशान्तर पर

(B) $30^0$ पूर्वी देशान्तर पर

(C) $28^0$ पूर्वी देशांतर पर

(D) $28^0$ पश्चिमी देशान्तर पर

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-काहिरा उत्तरी गोलार्द्ध के पूर्वी देशान्तर $30^0$ पर अवस्थित है। 4 मिनट में $1^0$ देशान्तर का अंतर होता है, अत: दो घंटा में (120 मि॰ में) $\frac{120}{4} = 30^0$ देशान्तर होगा।

**स्रोत**-The ttk स्कूल एटलस

**60. तकला मकान मरुस्थल किस देश में स्थित है?**

(A) कजाकिस्तान

(B) तुर्कमेनिस्तान

(C) उजबेकिस्तान

(D) चीन

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-तकला मकान मरुस्थल चीन में 38° उत्तरी अक्षांश पर स्थित है। इस मरूस्थल में बालुका के स्तूप में परिवर्तन दिखाई देता है।

**स्रोत**-इण्टर भूगोल भाग-I, सुरेश प्रसाद

**61. हिन्द महासागर और लाल सागर को कौन जलसंधि जोड़ती है-**

(A) बाब-अल-मान्डेव (B) होरमुज

(C) बोसपोरस (D) मलक्का

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-हिन्द महासागर और लाल सागर को बाब-अल-मान्देव जलसंधि जोड़ती है।

**स्रोत**-आक्सफोर्ड स्टुडेन्ट एटलस

**62. 'नाइन्टी ईस्ट रिज' कहाँ पर स्थित है-**

(A) प्रशांत महासागर (B) हिन्द महासागर

(C) अन्ध मासागर (D) आर्कटिक महासागर

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-नाइन्टी ईस्ट रिज हिन्द महासागर में स्थित है।

**स्रोत**-आक्सफोर्ड स्टुडेन्ट एटलस

**63. निम्नलिखित में से कौन सा शहर किसी देश की राजधानी नहीं है-**

(A) केनबरा (B) सिडनी

(C) वेलिंगटन (D) रियाद

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-आस्ट्रेलिया की राजधानी केनबरा, न्यजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन, सऊदी अरब की राजधानी रियाद है। सिडनी आस्ट्रेलिया के न्युसाउथवेल्स शहर में अवस्थित है।

**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस

**64. विश्व में सबसे अधिक कोयला उत्पादन करने वाला देश है-**

(A) भारत (B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) चीन (D) रूस

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-विश्व में सबसे अधिक कोयला उत्पादक चीन है, उसके पश्चात संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया, रूस। संचित भंडार में अमेरिका का प्रथम स्थान है। इसके बाद रूस, चीन, आस्ट्रेलिया, भारत का स्थान आता है।

**स्रोत**-ऑक्सफोर्ड एटलस।

**65. वलन-क्रिया किसका परिणाम है ?**

(A) महादेशजनक बल

(B) भूविक्षेपित (कॉरिऑलिस बल)

(C) पर्वत निर्माणकारी बल

(D) बहिर्जात बल

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-कोबर ने वलित पर्वत की उत्पत्ति के लिए 'भूसन्नति सिद्धांत' का प्रतिपादन किया। इस भूसन्नति के चारों ओर



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

प्राचीन दृढ़ भूखण्ड थे। जब भूसन्नति अवसादों से भर जाती है, तब दोनों अग्रभाग खिसकने लगते हैं जिससे संपीडनात्मक बल के कारण उसकी तलहटी में सिकुड़न या मोड़ पैदा होने लगते हैं और वलित पर्वत का निर्माण करते हैं।

**स्रोत**-भौतिक भूगोल, सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं०-174

**66. सागरीय लवणता का मुख्य स्रोत है-**

(A) नदियाँ (B) भूमि

(C) पवन

(D) ज्वालामुखी से निस्सृत राख

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-सागरीय लवणता का मुख्य स्रोत पृथ्वी ही है। प्रारंभ में जब पृथ्वी की उत्पत्ति हुई शीतलन से सर्व प्रथम ठोस पपड़ी का निर्माण हुआ। उस समय पपड़ी (Crust) में लवण की मात्रा अधिक थी। पपड़ी के विघटन तथा वियोजन के कारण अपरदन के कारको द्वारा लवण सागर में पहुँचाये जाने लगे जिस कारण सागर की लवण-मात्रा में वृद्धि होने लगी। नदियाँ सागर तक लवण पहुँचाने वाले कारकों में सर्वप्रमुख थीं। इसके बाद पवन द्वारा भी लवणों का निक्षेप होता रहा।

**स्रोत**-भौतिक भूगोल-सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं०-364-365।

**67. ऊर्जा के वाणिज्यिक स्रोतों में विशुद्धतः शामिल होते हैं-**

(A) शक्ति, कोयला, तेल, गैस, जल विद्युत और यूनेनियम

(B) कोयला, तेल, जलावन की लकड़ी, वनस्पति अवशेष एवं कृषि अवशेष।

(C) शक्ति, कोयला, प्राणिमल और जलावन की लकड़ी

(D) कोयला, गैस, तेल और जलावन की लकड़ी

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-ऊर्जा के सामान्य स्रोतों को दो भागों में बाँटा जाता है। (1) वाणिज्यक स्रोत, (2) गैर वाणिज्यिका स्रोत। वाणिज्यक स्रोतों के अन्तर्गत उसे शामिल किया जाता है जिसे उपयोग करने पर पैसा देना पड़ता है, जैसे-शक्ति (बिजली) कोयला, तेल, गैस, जल विद्युत और यूरेनियम। गैर वाणिज्यिक स्रोत वो हैं जिसमें खर्च नहीं लगता है-जैसे-जलावन की लकड़ी, गोबर का उपला, वनस्पति अवशेष इत्यादि।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-68

**68. केन्द्र सरकार के भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय द्वारा लघु रत्न श्रेणी I उद्योग को अधिकतम कितनी धनराशि तक वित्तीय स्वायत्ता दी गई है-**

(A) ₹ 250 करोड़ (B) ₹ 350 करोड़

(C) ₹ 400 करोड़ (D) ₹ 500 करोड़

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-सरकार द्वारा अक्टूबर 1977 में मिनीरत्न योजना लागू की गई, जिसका उद्देश्य कुशलता बढ़ाना और प्रतियोगिता सक्षम बनाना था। उसके अंतर्गत दो वर्ग है-श्रेणी-I, श्रेणी-II। श्रेणी-I उद्योगों को अधिकतम 500 करोड़ रू० निवेश करने की स्वायत्ता दी गई थी।

**स्रोत**-भारत 2013 सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं०-579

**69. भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत वर्ष 1994 में थी-**

(A) 300 किग्रा तेल के बराबर

(B) 350 किग्रा तेल के बराबर

(C) 243 किग्रा तेल के बराबर

(D) 343 किग्रा तेल के बराबर

उत्तर-(C)

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, संस्करण 2002

**70. भारत में सर्वप्रथम तेल/ऊर्जा संकट कब पैदा हुआ ?**

(A) 1950 और 1960 के दौरान

(B) 1930 और 1940 के दौरान

(C) 1990 और 2000 के दौरान

(D) 1970 और 1980 के दौरान

उत्तर-(D)

**स्रोत**-भारत में 1973 ई० में कच्चे तेल की कीमत 2.1 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 1980 में 27.30 डालर प्रति बैरल हो गयी और उस समय उपभोग 240 लाख टन से बढ़कर 1970-80 में 300 लाख टन हो गया। जिसके कारण 1970-80 के दौरान ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-71

**71. भारत में राज्य विद्युत बोर्डों की वित्तीय रुग्णता में निम्नलिखित कारणों पर विचार करें-**

I. कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को उत्पादन लागत से कम पर बिजली विक्रय।

II. प्रसारण एवं संवितरण हानियाँ काफी ज्यादा होती है।

III. राज्य विद्युत बोर्डों के लिए वाणिज्यिक स्वायत्तता में कमी

IV. राज्य सरकारों ने राज्य विद्युत बोर्डों के माध्यम से सामाजिक परिदान नीतियाँ को क्रियान्वित किया है।

उपरोक्त में से कौन से सही है-

(A) I, II, तथा III

(B) I, III, तथा IV

(C) I, II, III तथा IV

(D) II, III तथा IV

उत्तर-(C)

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**व्याख्या**-भारत में राज्य विद्युत बोर्डों की वित्तीय रूग्णता के निम्नलिखित कारण है-

I. पावर-जनन में क्षमता उपभोग का अनुकूलतम से कम रहना।

II. संचालन एवं वितरण में भारी घाटा

III. पावर प्लान्टों द्वारा कोयले की घटिया क्वालिटी

IV. राज्य बिजली बोर्डो द्वारा आर्थिक टैरिफ निश्चित न कर पाना।

V. कृषि एवं परिवार दोनों क्षेत्रों में भारी पावर टैरिफ।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था दत्त एवं सुन्दरम,पृष्ठ सं॰-79,

**72. भारत में किस तरह की अर्थव्यवस्था है?**

(A) समाजवादी (B) गाँधीवादी

(C) मिश्रित (D) स्वतंत्र

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-भारतीय अर्थव्यवस्था मिश्रित अर्थव्यवस्था के नाम से जानी जाती है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र के सहअस्तित्व को महत्ता प्रदान की गई है। यही कारण है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था की संज्ञा दी गई है।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-140

**73. 'चल योजना' के बारे में निम्नलिखित पर विचार करें-**

I. चालू वर्ष के लिए एक योजना जिसमें वार्षिक बजट शामिल होता है।

II. एक योजना जो 3, 4 या 5 वर्षों के लिए निर्धारित होती है।

III. वह अर्थव्यवस्था की आवश्यकतानुसार प्रतिवर्ष संशोधित होती है।

IV. 10,15 अथवा 20 वर्षों के लिए एक सापेक्ष योजना है।

उपरोक्त में से कौन से सही है?

(A) I तथा II

(B) I तथा III

(C) II तथा III

(D) I, II, III तथा IV

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार आने के बाद पाँचवी पंचवर्षीय योजना को एक वर्ष पूर्व 1978 में समाप्त कर दिया गया। 1 अप्रैल 1978 को एक नई योजना प्रारंभ की गयी जिसे चल योजना या अनवरत योजना नाम दिया गया।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-269

**74. भारत में योजना आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(A) 1950

(B) 1957

(C) 1948

(D) 1951

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-भारत में योजना आयोग का गठन 1950 ई॰ में हुआ। यह एक सलाहकारी संस्था है, जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। प्रथम अध्यक्ष प॰ जवाहरलाल नेहरू थे। यह एक गैर-संवैधानिक निकाय है।

**स्रोत**-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-692

**75. किन राज्य सरकारों ने 2010 तक स्थानीय निकायो में महिलाओं का आरक्षण 50% कर दिया है ?**

(A) बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान

(B) बिहार, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश

(C) बिहार, मध्य प्रदेश, केरल

(D) बिहार, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-बिहार, मध्य प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकारों ने 2010 तक स्थानीय निकायो में महिलाओं का आरक्षण 50% कर दिया है। इसके अलावा राजस्थान उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर राज्यों के स्थानीय निकायों में आरक्षण 50% कर दिया गया है।

**स्रोत**-समसामयिकी प्रतियोगिता दर्पण

**76. निम्न में से कौन-सा मानव अधिकार भारतीय संविधान के अन्तर्गत मौलिक अधिकार भी है ?**

(A) सूचना का अधिकार (B) काम का अधिकार

(C) शिक्षा का अधिकार (D) मकान का अधिकार

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-संविधान में 86वाँ संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा अनुच्छेद 21क अत: स्थापित करके एक नया मूल अधिकार बनाया गया है। इसके द्वारा राज्य को यह कर्त्तव्य सौंपा गया है कि वह 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है। इसलिए राज्य और संघ दोनों ही विधि बना सकते है।

**स्रोत**-भारत का संविधान एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-114

**77. भारतीय संविधान में संशोधन करके शिक्षा का अधिकार कब जोड़ा गया ?**

(A) 1 अप्रैल, 2010 (B) 1 अगस्त, 2010

(C) 1 अक्टूबर, 2010 (D) 1 दिसम्बर, 2010

**उत्तर-(A)**



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**व्याख्या**-उपर्युक्त व्याख्या ऊपर वाले प्रश्न में दी जा चुकी हैं। यह कानून 1 अप्रैल, 2010 को देश में लागू हुआ।
**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण समसामायिकी।

**78. भारतीय संविधान में शामिल है-**

(A) 395 अनुच्छेद, 22 भाग एवं 12 अनुसूचियाँ
(B) 371 अनुच्छेद, 21 भाग एवं 11 अनुसूचियाँ
(C) 372 अनुच्छेद, 20 भाग एवं 7 अनुसूचियाँ
(D) 381 अनुच्छेद, 23 भाग एवं 8 अनुसूचियाँ

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को संविधान अंगीकृत किया गया था। यह 26 जनवरी 1950 से पूर्णरूपेण लागू हो गया। मूल संविधान में 22 भाग, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियाँ थीं। लेकिन वर्तमान समय में अनुच्छेद की संख्या 445, भाग 22 एवं अनुसूचियों की संख्या 12 हो गयी है।
**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप पृष्ठ सं०-3

**79. राज्यसभा में होते हैं-**

(A) 280 सदस्य जिनमें से 20 सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
(B) 275 सदस्य जिनमें से 18 सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
(C) 250 सदस्य जिनमें से 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किये जाते हैं।
(D) 252 सदस्य जिनमें से 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं। **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-राज्य सभा में अधिक-से-अधिक 250 सदस्य हो सकते हैं। इसमें से 238 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते हैं और 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किये जाते हैं। मनोनीत व्यक्ति से यह अपेक्षा कि जाती है कि साहित्य, विज्ञान कला एवं समाज सेवा का विशेष ज्ञान या व्यवहारिक अनुभव हो।
**स्रोत**-भारत का संविधान एक परिचय-बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-180

**80. लोक लेखा समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।**

(A) नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को
(B) लोकसभा के स्पीकर को
(C) संसदीय मामलों के मंत्री को
(D) भारत के राष्ट्रपति को **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-लोक लेखा समिति सबसे पुरानी वित्तीय समिति है। इसके 22 सदस्य होते हैं जिनमें से 15 लोकसभा एवं 7 राज्य सभा के सदस्य होते हैं। 1967 से चली आ रही प्रथा के अनुसार विपक्ष के किसी सदस्य को इस समिति का अध्यक्ष लोक सभा अध्यक्ष के द्वारा नियुक्त किया जाता है। यह लोकसभा के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्य करता है। इस समिति को कभी-कभी प्राक्कलन समिति का जुड़वा बहन कहा जाता है; क्योंकि इन दो समितियों के कार्य एक दूसरे के पूरक हैं।
**स्रोत**-भारतीय प्रशासन-बी.एल. फाड़िया, पृष्ठ-495 एवं हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-165

**81. निम्न में से कौन-सा एक सही नहीं है ?**

(A) धन-विधेयकों के मामले में राज्यसभा शक्तिहीन है।
(B) धन विधेयक की शुरूआत राज्य सभा में होती है।
(C) लोकसभा द्वारा पारित किए जाने के बाद राज्यसभा को 14 दिनों के भीतर धन-विधेयकों को पारित करना होता है।
(D) राज्यसभा किसी धन-विधेयक को पारित कर सकती है या कतिपय सिफारिशों के साथ उसे लोकसभा को लौटा सकती है। **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-संविधान के अनुच्छेद 110 में धन विधेयक के बारे में परिभाषा दिया गया है। कोई धन विधेयक राज्य सभा में पेश नहीं किया जा सकता। वह राष्ट्रपति की सिफारिश पर केवल लोक सभा में पेश किया जाता है। विधेयक पास हो जाने के बाद लोक सभा अध्यक्ष द्वारा इस आशय के प्रमाण पत्र के साथ धन विधेयक को राज्य सभा में भेजा जाता है। राज्य सभा किसी धन विधेयक को न तो रद्द कर सकती है और न ही उसे इसमें संशोधन करने की शक्ति है। राज्य सभा को विधेयक की प्राप्ति के 14 दिन के भीतर अपनी सिफारिश के साथ लोक सभा में लौटाना होता है। अगर 14 दिन के भीतर नहीं लौटाया जाता है तो दोनों सदन में इसे पास माना जायेगा। इसे राष्ट्रपति भी पुनर्विचार के लिए नहीं लौटा सकता है।
**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-144-145

**82. भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त निम्न में से कौन-सा अधिकार गैर नागरिकों को भी उपलब्ध है ?**

(A) संवैधानिक निराकरण का अधिकार
(B) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(C) देश के किसी भी भाग में घूमने एवं बसने की स्वतंत्रता
(D) संपति अर्जित करने की स्वतंत्रता **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-संवैधानिक निराकरण का अधिकार गैर नागरिकों को भी उपलब्ध है। यह मौलिक अधिकार ही है। अनुच्छेद 32 में संवैधानिक उपचार का अधिकार दिया गया है। इसे अम्बेडकर ने 'संविधान का आत्मा' कहा है।
**स्रोत**-भारत का संविधान एक परिचय-डी.डी. बसु।

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

83. किस अनुच्छेद के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की जाती है ?
(A) अनुच्छेद 352 (B) अनुच्छेद 370
(C) अनुच्छेद 371 (D) अनुच्छेद 395 उत्तर-(A)
व्याख्या-संविधान में तीन प्रकार के आपात की परिकल्पना की गई है—1. युद्ध या बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण, जो आपात लगायी जाती है, उसे 'राष्ट्रीय आपात' कहा गया है, जो अनुच्छेद 352 में वर्णित है।
2. राज्यों में सांविधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दशा से उत्पन्न परिस्थिति को राष्ट्रपति शासन की संज्ञा दी गयी, जो अनुच्छेद 356 में वर्णित है।
3. ऐसी परिस्थिति जिसमें भारत का वित्तीय स्थायित्व संकट में हो, को अनुच्छेद 360 में 'वित्तीय अपात' कहा गया है।
स्रोत-भारत का संविधान एक परिचय, बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-364

84. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है-
(A) सर्वोच्च न्यायालय का गठन 1950 में हुआ था।
(B) सर्वोच्च न्यायालय देश की उच्चतम अदालत है, जिसमें अपील की जाती है।
(C) सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट मार्शल को छोड़कर अन्य किसी भी उच्च न्यायालय/अदालतों की सुनवाई कर सकता है।
(D) सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट-मार्शल के साथ अन्य किसी भी उच्च न्यायालय/अदालतों की सुनवाई कर सकता है। उत्तर-(D)
व्याख्या-सुप्रीम कोर्ट की स्थापना 1950 में की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय देश का सर्वोच्च अपीली न्यायालय है।
स्रोत-भारत का संविधान एक परिचय बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-258

85. राज्य सरकारों का संवैधानिक प्रमुख कौन होता है ?
(A) मुख्यमंत्री
(B) राज्यपाल
(C) अध्यक्ष
(D) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
उत्तर-(B)
व्याख्या-राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होती है। वह उसका प्रयोग स्वयं एवं अपने अधीनस्थ कार्यकारियों के माध्यम से करता हैं। वह मंत्रीपरिषद की सलाह पर कार्य करता है किन्तु 163 अनुच्छेद के अनुसार राज्यपाल को कुछ परिस्थितियों में स्वविवेक का भी अधिकार प्राप्त है।
स्रोत-भारत का संविधान एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं०-218, 223

86. CDP एवं NES के पुनर्गठन के लिए 1957 में NDC द्वारा स्थापित समिति का नाम बताएँ, जिसने ग्रामीण स्थानीय सरकार की त्रिस्तरीय प्रणाली का सुझाव दिया था ?
(A) बलवन्त राय मेहता समिति
(B) अशोक मेहता समिति
(C) प्रजातान्त्रिक विकेन्द्रीकरण पर महाराष्ट्र समिति
(D) ग्राम-नगर सम्बन्ध समिति उत्तर-(A)
व्याख्या-सामुदायिक विकास कार्यक्रम (CDP) तथा NES के पुनर्गठन हेतु NDC ने 1957 में बलवन्त राय मेहता समिति का गठन किया गया था, जिसने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली का प्रतिवेदन दिया था।
स्रोत-भारतीय प्रशासन-बी.एल. फाड़िया पृष्ठ सं०-590

87. अशोक मेहता समिति ने निम्नलिखित की सिफारिश की-
(A) पंचायती राज की त्रिस्तरीय सरकार
(B) पंचायती राज की द्वि-स्तरीय सरकार
(C) पंचायती राज की एकल-स्तरीय सरकार
(D) पंचायती राज की बहु-स्तरीय सरकार उत्तर-(B)
व्याख्या-जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद 12 दिसम्बर, 1977 को मंत्रिमण्डल सचिवालय ने पंचायती राज संस्थाओं की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति नियुक्त की, जिसके अध्यक्ष अशोक मेहता बने। इसने पंचायत का नया मॉडल प्रस्तुत किया, जो द्वि-स्तरीय (जिला परिषद तथा मण्डल पंचायत)। किन्तु इसकी सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया गया।
स्रोत-भारतीय प्रशासन-बी.एल. फाड़िया, पृष्ठ सं०-592

88. 'ड्यूरण्ड कप' किस खेल से सम्बन्धित है ?
(A) फुटबॉल (B) कपोली
(C) क्रिकेट (D) हॉकी उत्तर-(A)
व्याख्या-'ड्यूरण्ड कप फुटबॉल खेल से सम्बन्धित है। इस टूर्नामेन्ट की शुरूआत 1888 ई. में हुई। यह भारत का प्राचीनतम फुटबॉल टूर्नामेन्ट है।
स्रोत-मनोरमा इयर बुक-2010

89. निम्नांकित नम्बर की राजधानी ट्रेनों में से कौन-सी एक अधिकतम दूरी तय करती है ?
(A) 12129 बंगलोर सिटी जंक्शन
(B) 12431 त्रिवेन्द्रम सेन्ट्रल
(C) 12433 चेन्नई सेन्ट्रल
(D) 12435 डिब्रूगढ़ टाउन उत्तर-(B)



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

| राजधानी ट्रेन का नाम | तय अधिकतम दूरी |
|---|---|
| 12429 बैंगलोर सिटी जक्शन | 2365 किमी |
| 12431 त्रिवेन्द्रम सेन्ट्रल | 3149 किमी |
| 12433 चेन्नई सेन्ट्रल | 2176 किमी |
| 12433 डिब्रुगढ़ टाउन | 2463 किमी |

स्रोत-मनोरमा इयर बुक-2010

**90. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ है।**

(A) हेग (B) न्यूयार्क
(C) जेनेवा (D) पेरिस उत्तर-(A)

व्याख्या-अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय नीदरलैण्ड के हेग शहर में स्थित है। यह संयुक्त राष्ट्रसंघ की प्रमुख कानूनी संस्था है। इसमें कुल 15 न्यायाधीश होते हैं जो आम सभा तथा सुरक्षा परिषद् द्वारा अलग-अलग चुने जाते हैं। इनका कार्यकाल 9 वर्ष होता है। 15 न्यायधीशों में से 5 न्यायधीश सुरक्षा परिषद के स्थायी देशों के होते हैं।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक-2010

**91. कौन-सा दिन डायबिटीज दिवस के रूप में जाना जाता है-**

(A) 14 फरवरी (B) 14 मई
(C) 14 सितम्बर (D) 14 नवम्बर उत्तर-(D)

व्याख्या-14 नवम्बर का दिन डायबिटीज दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में 14 नवम्बर का दिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू का जन्म हुआ था। 14 फरवरी वेलेन्टाइन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 14 मई को कोई राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय दिवस नहीं पड़ता है।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक-2010

**92. जुलिया गिलार्ड 2010 में किस देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी ?**

(A) आस्ट्रेलिया (B) कनाडा
(C) जर्मनी (D) पोलैण्ड उत्तर-(A)

व्याख्या-जूलिया गिलार्ड 2010 में आस्ट्रेलिया की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी।

**93. अंटार्कटिका में भारत के तृतीय शोध केन्द्र का नाम है-**

(A) भारती (B) स्वागतम
(C) हिन्दुस्तान (D) मैत्री उत्तर-(A)

व्याख्या-अंटार्कटिका में भारत के तृतीय शोध केन्द्र का नाम भारती रखी गया है। भारत के प्रथम स्थायी वैज्ञानिक केन्द्र का नाम दक्षिण गंगोत्री तथा द्वितीय स्थायी वैज्ञानिक केन्द्र का नाम मैत्री है। भारत का प्रथम स्थायी वैज्ञानिक केन्द्र दक्षिण गंगोत्री अब उपयोग के योग्य नहीं रहा दूसरा केन्द्र मैत्री अभी कार्यशील अवस्था में है।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक-2010

**94. राष्ट्रीय सुरक्षा समिति का प्रधान कौन होता है ?**

(A) गृहमन्त्री (B) प्रधानमन्त्री
(C) राष्ट्रपति (D) उप-राष्ट्रपति उत्तर-(B)

व्याख्या-राष्ट्रीय सुरक्षा समिति का प्रधान प्रधानमन्त्री होता है।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक-2010

**95. कूरियर सेवा से प्रतिस्पर्द्धा के लिए भारतीय डाक विभाग ने द्रुत डाक सेवा का आरम्भ किया-**

(A) 1988 (B) 1987
(C) 1989 (D) 1986 उत्तर-(D)

व्याख्या-कूरियर सेवा (Courier-Service) से प्रतिस्पर्द्धा के लिए भारतीय डाक विभाग ने द्रुत डाक सेवा (Speed Post Service) का प्रारम्भ 1986 ई. में किया था।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक-2010

**96. भारतवर्ष में सर्वप्रथम दूरभाष का प्रादुर्भाव किस वर्ष हुआ ?**

(A) 1951 (B) 1981
(C) 1851 (D) 1861 उत्तर-(C)

**97. पौधे जो नमक युक्त मिट्टी में उगते हैं को क्या कहते है-**

(A) जिरोफाइट (B) हाइड्रोफाइट
(C) हैलोफाइट (D) सक्यूलेन्ट

उत्तर-(C)

व्याख्या-मरूस्थलीय क्षेत्र में पाये जाने वाले पौधों को 'जीरोफाइट' कहते है। जल में पाये जाने वाले पौधों को 'हाइड्रोफाइट' तथा नमक युक्त मिट्टी में पाये जानेवाले पौधा को 'हैलोफाइट' कहते हैं।

स्रोत-जीव विज्ञान, भारती भवन कक्षा-9 पृष्ठ सं०-36, संस्करण 2003

**98. पर्यावरण किससे बनता है?**

(A) जैविक घटकों से
(B) भू-आकृतिक घटकों से
(C) अजैविक घटकों से
(D) इन सभी से

उत्तर-(D)

व्याख्या-हमारे चारों ओर उपस्थित परिस्थितियाँ, जो जीवों को प्रभावित करे, पर्यावरण कहलाती हैं। पर्यावरण के मुख्य घटक जैविक एवं अजैविक होते है। जैविक के अन्तर्गत पेड़ पौधे तथा जीव जन्तु आते हैं। अजैविक घटक के अन्तर्गत मिट्टी, जलवायु, तापमान, प्रकाश आदि आते है, इसे भौतिक घटक भी कहते हैं।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-9, पृष्ठ सं०-281

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**99. संवहनी ( वस्कुलर ) पौधों में पानी ऊपर किससे जाता है?**

(A) फ्लोएम टिशु (B) पैरेनकाइमा टिशु

(C) मेरिस्टेम (D) जाइलम टिशु

उत्तर-(D)

व्याख्या-जाइलम एक जटिल ऊतक है। इसके द्वारा पेड़-पौधे जल एवं खनिज ऊपर लेकर जाते हैं। यह जल एवं खनिज संवाहक ऊतक कहलाता है। फ्लोएम टिशु पोषक तत्वों को पौधों के सभी भागों में पहुँचाता है।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,कक्षा-10, पृष्ठ सं०-163

**100. पौधों का कौन-सा भाग फूल बनने का उद्दीपन ग्रहण करता है।**

(A) तना (B) शाखा

(C) पर्ण (D) जड़

उत्तर-(C)

व्याख्या-पौधे के पुष्प बनने का उद्दीपन प्रकाशग्रही वर्णक फाइटोक्रोम के द्वारा ग्रहण किया जाता है यह वर्णक पर्ण में पाया जाता है। पुष्प एक डंठल द्वारा तने से संबद्ध होता है। इस डंठल को वृंत या 'पेडिसेल' कहते हैं।

स्रोत-हाई स्कूल जीव विज्ञान, भारती भवन, कक्षा-9, पृष्ठ सं०-177 संस्करण 2003

**101. सहज प्रणाली का परिवर्द्धन निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

(A) प्रणाली का कार्य (B) प्रणाली का विकास

(C) प्रणाली की स्वपोषी क्रिया

(D) इनमें से कोई नहीं उत्तर-(C)

व्याख्या-सहज प्रणाली का परिवर्द्धन स्वपोषी क्रिया है जो प्रकाश संश्लेषण के द्वारा अपना भोजन बनाती है।

स्रोत-हाई स्कूल जीव विज्ञान, भारती भवन, कक्षा-9, पृष्ठ सं० 281, संस्करण 2003

**102. जिनेटिक्स निम्न में से किसका अध्ययन है?**

(A) मेन्डेल के नियम (B) जैव विकास

(C) डी. एन. ए. संरचना

(D) अनुवंशिकता और विचरण

उत्तर-(D)

व्याख्या-आनुवंशिकता एवं विविधता का अध्ययन ही आनुवंशिकी कहलाता है। आनुवंशिकता को ग्रेगर मेंडल ने सबसे पहले बताया था, जो कि लैगिक जनन पर आधारित थी। उसने 'मटर' पर प्रयोग किया था।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं० 191

**103. मेन्डेल का आनुवंशिकता का सिद्धांत किस पर आधारित है।**

(A) कायिक जनन (B) अलैगिग जनन

(C) लैगिक जनन (D) ये सभी

उत्तर-(C)

**104. भ्रूण किसमें मिलता है?**

(A) फूल (B) पर्ण

(C) बीज (D) कली उत्तर-(C)

व्याख्या-अधिकांश पौधे उभयलिंगी होते है। नर व मादा जननांग एक ही पौधे में होते हैं। पादपों का जनन भाग पुष्प होता है। एक पुष्प में पुंकेसर एवं अंडप जनन भाग होते हैं। अंडप के तीन भाग-(1) अंडाशय-नीचे वाला फूला भाग। (2) ऊपर चिपटा भाग वर्तिकाग्र तथा (3) मध्य भाग वर्तिका होती है। अंडाशय में ही बीजांड होते हैं और बीजांड में अंड। इस प्रकार भ्रूण बीज में बनता है।

स्रोत- NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं०-184

**105. प्रकाश संश्लेषण होता है-**

(A) न्यूक्लिअस में (B) माइटोकॉन्ड्रिया में

(C) क्लोरोप्लास्ट में (D) परऑक्सीसोम में

उत्तर-(C)

व्याख्या-प्रकाश संश्लेषण की क्रिया पौधे के हरे भाग में होती है, जिसमें क्लोरोफिल पाया जाता है। पादप सूर्य के प्रकाश, जल और $CO_2$ का उपयोग खाद्य संश्लेषण में करते है और कार्बोहाइड्रेटस का निर्माण करते हैं।

$$6CO_2 + 12H_2O \xrightarrow[\text{पर्णहरित}]{\text{सूर्य प्रकाश}} \underset{\text{ग्लूकोज}}{C_6H_{12}O_6} + 6H_2O + 6O_2$$

स्रोतो- NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कक्षा-10, पृष्ठ सं०-147

**106. लैगिंक जनन से आनुवंशिक विचरण कैसे होते है-**

(A) जीन के सम्मिश्रण (ब्लेन्डिंग) से

(B) क्रोमोसोम में बदलाव से

(C) जीन के मिश्रण (शंकलिंग) से

(D) उपरोक्त में से सभी उत्तर-(D)

व्याख्या-लैगिक जनन से अनुवांशिक विचरण जीन के सम्मिश्रण से, क्रोमोसोम के बदलाव, जीन के मिश्रण आदि के माध्यम से होते हैं।

स्रोत-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कक्षा-10, पृष्ठ सं०-191

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**107. बिल तथा 'मेलिंडा गेट्स फाउण्डेशन' द्वारा स्थापित भारत के लिए कार्यक्रम 'AVAHAN' किसके प्रतिरोध के लिए कार्यरत है ?**

(A) डेंगू
(B) पोलियो
(C) एच. आई. वी./एड्स
(D) फाइलेरिया

उत्तर-(C)

स्रोत-समसामयिकी, प्रतियोगिता दर्पण।

**108. खनिज ( मिनरल ) क्या है ?**

(A) द्रव (B) अकार्बनिक ठोस
(C) गैस (D) उपरोक्त सभी उत्तर-(B)

व्याख्या-भू-पर्पटी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले अकार्बनिक तत्व अथवा यौगिकों को खनिज कहते हैं। अकार्बनिक शब्द का यहाँ तात्पर्य यह है कि ये पदार्थ जीव-जन्तुओं एवं पौधों के अवशेष नहीं है।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-X पृष्ठ सं०-204

**109. एक ही प्रकार का परमाणु निम्न में से किसमें मिलता है?**

(A) खनिज यौगिक (B) खनिज मिश्रण
(C) प्राकृत तत्व (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(C)

व्याख्या-तत्व पदार्थ का एक शुद्ध और सरलतम रूप है। जो किसी भी भौतिक या रासायनिक विधि द्वारा दो या दो से अधिक सरल द्रव्यों में विभाजित नहीं किया जा सकता है। यह एक ही प्रकार के परमाणुओं से बना होता है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र 1, भारती भवन, कक्षा-IX पृष्ठ सं०-20

**110. खाने का नमक ($NaCl$) किससे बनता है।**

(A) कमजोर अम्ल और कमजोर क्षार से
(B) मजबूत अम्ल और मजबूत क्षार से
(C) कमजोर अम्ल और मजबूत क्षार से
(D) मजबूत अम्ल और कमजोर क्षार से उत्तर-(B)

व्याख्या-प्रबल अम्ल तथा प्रबल भस्म ( क्षार) से बने लवण का जलीय विलयन उदासीन होता है। $pH$ मान 7 होता है। जैसे—$KCl$, $NaCl$, $KNO_3$, $Na_2SO_4$ आदि $NaCl$ साधारण नमक भी उदासीन होता है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-2, भारती भवन, कक्षा-X पृष्ठ सं०-28

**111. सौर विकिरण निम्न में से किस परास में दिखता है?**

(A) 100-400nm (B) 400-700nm
(C) 740-10000nm (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(B)

व्याख्या-सौर विकिरण 400-700nm के परास में दिखायी देता है। सौर विकिरण के प्रभाव से नाभिकीय गैसों का वाष्पीकरण हो जाता है।

स्रोत-सामान्य विज्ञान, NCERT, 10+2

**112. $x-[y-\{z-(x-\bar{y}-\bar{z})\}]$ का मान है-**

(A) $x+y+z$ (B) $x-y-z$
(C) 1 (D) 0

उत्तर-(D)

व्याख्या- $x-[y-\{z-(x-\bar{y}-\bar{z})\}]$

$= x-[y-\{z-(x-y+z)\}]$
$= x-[y-\{z-x+y-z\}]$
$= x-[y-z+x-y+z]$
$= x-x=0$

**113. यदि फलन $f: I^+ \to R, f(x)=\log x$ तो $f(x)+f(y)$ का मान है-**

(A) $f(xy)$ (B) $f(x+y)$
(C) $f\left(\frac{x}{y}\right)$ (D) $f\left(\frac{y}{x}\right)$ उत्तर-(A)

व्याख्या-प्रश्नानुसार, $f(x)=\log x$

$\therefore\ f(y)=\log y$

अब, $f(x)+f(y)=\log x+\log y$

$=\log(xy)=f(xy)$

**114. 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16 की माध्यिका है-**

(A) 8 (B) 9
(C) 10 (D) 11

उत्तर-(B)

व्याख्या-उपरोक्त आँकड़ों को आरोही क्रम में रखने पर

$= 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16$

यहाँ कुल अंकों की संख्या $= 8 = N[N = 8 =$ सम संख्या]

$$\therefore \text{ माध्यिका } = \frac{\left(\frac{N}{2}\right)\text{वाँ पद} + \left(\frac{N}{2}+1\right)\text{वाँ पद}}{2}$$

$$= \frac{\frac{8}{2}\text{ वाँ पद} + \left(\frac{8}{2}+1\right)\text{वाँ पद}}{2}$$

$$= \frac{4\text{ वाँ पद} + 5\text{वाँ पद}}{2} = \frac{8+10}{2} = \frac{18}{2} = 9$$



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**115.** आव्यूह $\begin{bmatrix} 5 & 2 \\ 7 & 3 \end{bmatrix}$ का प्रतिलोम है-

(A) $\begin{bmatrix} 3 & 2 \\ -7 & 5 \end{bmatrix}$ (B) $\begin{bmatrix} 7 & 2 \\ 7 & 5 \end{bmatrix}$

(C) $\begin{bmatrix} 3 & -2 \\ -7 & 5 \end{bmatrix}$ (D) $\begin{bmatrix} -3 & 2 \\ 7 & -5 \end{bmatrix}$

उत्तर-(C)

व्याख्या-माना कि

$$A = \begin{bmatrix} 5 & 2 \\ 7 & 3 \end{bmatrix} = Adj(A) = \begin{bmatrix} 3 & -2 \\ -7 & 5 \end{bmatrix}$$

$$|A| = 5 \times 3 - 7 \times 2 = 15 - 14 = 1$$

$$A^{-1} = \frac{Adj(A)}{|A|} = \begin{bmatrix} 3 & -2 \\ -7 & 5 \end{bmatrix}$$

**116.** एक घड़ी की बड़ी सुई की लम्बाई 12 सेमी है, तो 1 मिनट में बड़ी सुई द्वारा आन्तरित क्षेत्रफल होगा-

(A) 22.12 वर्ग सेमी. (B) 23.10 वर्ग सेमी.

(C) 24.12 वर्ग सेमी. (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(D)

व्याख्या-अभीष्ट क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360°}$ जहाँ ($r$ = त्रिज्या)

$= \frac{22 \times 144 \times 360}{7 \times 360} = \frac{3168}{7}$ वर्ग सेमी. = 452.57 वर्ग सेमी.

**117.** एक खिलाड़ी किसी वृताकार पथ के 7 पूरे चक्कर लगाकर 2200 मीटर की दौड़ पूरी करता है, तो उस वृताकार पथ की त्रिज्या है-$\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$

(A) 30 मी. (B) 40 मी.

(C) 50 मी. (D) 60 मी. उत्तर-(C)

व्याख्या-वृताकार पथ की परिमाप $= \frac{2200}{7}$

$\Rightarrow 2\pi r = \frac{2200}{7}$ (जहाँ $r$ = त्रिज्या)

$$r = \frac{2200 \times 7}{2 \times 22 \times 7} = 50 \text{ मी.}$$

**118.** बिन्दुओं $P(4, 6)$ तथा $Q(-4, 8)$ को मिलाने पर मध्य-बिन्दु के निर्देशांक होंगे-

(A) (2, 7) (B) (7, 2)

(C) (7, 0) (D) (0, 7) उत्तर-(D)

व्याख्या-अभीष्ट निर्देशांक $= \left(\frac{4-4}{2}, \frac{6+8}{2}\right)$

$$= \left(\frac{0}{2}, \frac{14}{2}\right) = (0, 7)$$

**119.** अवकल समीकरण $\frac{d^2y}{dx^2} - 3\frac{dy}{dx} + 2y = e^{5x}$ का हल है-

(A) $y = c_1 e^{-x} + c_2 e^{2x} \frac{1}{12} e^{5x}$

(B) $y = c_1 e^{-x} + c_2 e^{-2x} + \frac{1}{12} c^{5x}$

(C) $y = c_1 e^{x} + c_2 e^{-2x} + \frac{1}{12} e^{5k}$

(D) $y = c_1 e^{x} + c_2 e^{2x} + \frac{1}{5} e^{5x}$ उत्तर-(A)

व्याख्या-प्रश्नानुसार,

$$\frac{d^2y}{dx^2} - 3\frac{dy}{dx} + 2y = e^{5x}$$

$\Rightarrow (D^2 - 3D + 2)y = e^{5x}$

अर्थात् $(D-1)(D-2)y = e^{5x}$

अत: C.F. है-

$$y = c_1 e^{x} + c_2^{2x}$$

$$P.I. = \frac{1}{(D-1)(D-2)} e^{5x}$$

$$= \left[\frac{1}{D-2)} - \frac{1}{(D-1)}\right] e^{5x}$$

$$= \frac{1}{(D-2)} e^{5x} - \frac{1}{(D-1)} e^{5x}$$

$$= e^{2x} \int e^{5x} \cdot e^{-2x} dx - e^{x} \int e^{5x} e^{-x} dx$$

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

$$= e^{2x}\left[\frac{e^{3x}}{3}\right] - e^{x}\left[\frac{e^{4x}}{4}\right]$$

$$= \frac{e^{5x}}{3} - \frac{e^{5x}}{4} = \frac{e^{5x}}{12}$$

अतः दिए गए समीकरण का मानक समीकरण है-

$$y = c_1 e^{x} + c_2 e^{2x} + \frac{1}{12} e^{5x}$$

**120. त्रिभुज $PQR$ में यदि $\angle P = 120°$ और $PQ = PR$, $\angle Q$ और $\angle R$ होगा क्रमशः-**

(A) 60°, 30° (B) 30°, 40°

(C) 30°, 30° (D) 20°, 40° **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-उपरोक्त $\Delta PQR$ में $\angle P = 120°$

$PQ = PR$

$\angle Q = \angle R$




उपरोक्त $\Delta PQR$ में

$\angle P = 120°$

$PQ = PR$

[$\because$ समान भुजा के आधार के कोण बराबर होते हैं]

$\therefore \angle P + \angle a + \angle R = 180°$

[$\therefore$ त्रिभुज के तीनों कोणों का योगफल 180° होता है।]

$\therefore 120° + \angle Q + \angle Q = 180°$

$\therefore 2\angle Q = 60°$

$\therefore \angle Q = \frac{60°}{2} = 30°$

$\therefore \angle Q = 30°$

$\therefore \angle R = 30°$

**121. $\lim_{x\to 0} \frac{a^x - b^x}{x}$ का 0 + 1 माना है-**

(A) 0 (B) $\log e \frac{a}{b}$

(C) $\log e \frac{b}{a}$ (D) $a - b$ **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-$\lim_{x\to 0} \frac{a^x - b^x}{x} = \lim_{x\to 0}\left[\frac{a^x - 1}{x}\right] - \left[\frac{b^x - 1}{x}\right]$

$$= \log e(a) - \log e(b) = \log e \frac{a}{b}$$

**122. शान्ति और समझौते के लिए वर्ष 2009 का महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार विजेता इसमें से कौन हैं-**

(A) थूकिया अमानो (B) आंग सांग-सू-की

(C) बिल गेट्स (D) हिलेरी क्लिंटन

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-शान्ति और समझौतों के लिए वर्ष 2009 का महात्मा गाँधी अन्तराष्ट्रीय पुरस्कार आंग-साग-सू-की को प्रदान किया गया है।

**123. 2011 को जनगणना में फोटो अँगुली के निशान और आँख की पुतली के प्रतिचित्रण के लिए किसी व्यक्ति की न्यूनतम आयु क्या है।**

(A) 12 वर्ष (B) 15 वर्ष

(C) 18 वर्ष (D) 21 वर्ष

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-2011 की जनगणना में फोटो अंगुली के निशान और आँख की पुतली के प्रतिचित्रण के लिए किसी व्यक्ति की न्यूनतम आयु 15 वर्ष निर्धारित की गई है।

**124. केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल द्वारा अगस्त 2010 में किन छः राज्यों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के समकक्ष संस्थान बनाने का निर्णय लिया गया?**

(A) बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तराखण्ड

(B) बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, गुजरात।

(C) बिहार, उत्तरांचल, झारखण्ड, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र।

(D) बिहार तमिलनाडु कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, असम।

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा अगस्त 2010 में देश के 6 राज्यों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के समकक्ष संस्थान बनाने का निर्माण लिया गया। ये 6 राज्य है-बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओड़ीसा, उत्तराखंड एवं राजस्थान।

**स्रोत**-समसामयिकी।

**125. अगस्त 2010 को 'नेशनल इलेक्शन वॉच' द्वारा किस राजनीतिक दल को सबसे अधिक धनी बताया गया।**

(A) ब.स.पा. (B) भा.ज.पा.

(C) समाजवादी दल (D) कांग्रेस

**उत्तर-(D)**



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

व्याख्या-अगस्त 2010 को नेशनल इलेक्शन वाच द्वारा सभी राजनीतिक दलों में कांग्रेस को सबसे अधिक धनी बताया गया।

**126. 2005 के निर्वाचन की तुलना में बिहार विधानसभा निर्वाचन, 2010 में कौन सी दलीय उपलब्धि सही है।**

| | JDU | BJP | RJD | LJP | CONG | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | + 40 | + 25 | – 30 | – 10 | – 07 | – 19 |
| (b) | + 25 | + 34 | – 20 | – 05 | – 03 | – 11 |
| (c) | + 27 | + 36 | – 32 | – 07 | – 05 | – 19 |
| (c) | + 17 | + 46 | – 15 | – 10 | – 10 | – 10 |

उत्तर-(C)

व्याख्या-

| पार्टी | सीटें (2010) | सीटें (2005) | लाभ-हानि |
|---|---|---|---|
| JDU | 115 | 88 | + 27 |
| BJP | 91 | 55 | + 36 |
| RJD | 22 | 54 | – 32 |
| LJP | 03 | 10 | – 07 |
| Cong. | 04 | 09 | – 05 |
| अन्य | 08 | 27 | – 19 |
| कुल चुनावी सीटें | 243 | 243 | |

स्रोत-सामसामयिकी

**127. हाल ही में पानी के अन्दर हुई एक बैठक ने दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया। यह बैठक किनके द्वारा की गई।**

(A) कुछ सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा, जो फिरौती के लिए जहाज लूटने की नई योजना बना रहे थे।

(B) कुछ पर्यावरण विज्ञानियों द्वारा, जो जल बचत के लिए जागरूकता लाना चाहते थे।

(C) कुछ पर्यावरणवादियों द्वारा, जो वायु प्रदूषण के विरूद्ध जागरूकता लाना चाहते थे।

(D) एक देश के मंत्रिमण्डल द्वारा, जो समुद्र के जल-स्तर में वृद्धि को किसी देश के लिए विपदा बताना चाह रहे थे।

उत्तर-(D)

व्याख्या-मालदीव के मन्त्रिमण्डल द्वारा हाल ही में पानी के अन्दर हुई एक बैठक ने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। यह बैठक समुद्र के जल-स्तर में निरंतर हो रही वृद्धि के कारण भविष्य में आने वाली विपदा के प्रति विश्व समुदाय का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

स्रोत-समसामयिकी।

**128. प्रसिद्ध पत्रिका 'न्यूज वीक' द्वारा 2010 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों को सूची में फिनलैण्ड प्रथम था भारत का क्रम क्या था।**

(A) 17 (B) 48

(C) 66 (D) 78

उत्तर-(D)

**129. दुनिया के विश्वविद्यालयों के अकादमिक क्रम 2010 में प्रथम स्थान किस विश्वविद्यालय का था।**

(A) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, भारत

(B) कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, ब्रिटेन

(C) हार्वर्ड विश्वविद्यालय, यू. एस. ए.

(D) मैसाचुसेट्स इन्सटीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

उत्तर-(C)

व्याख्या-दुनिया के विश्वविद्यालयों के अकादमिक क्रम 2010 में प्रथम स्थान यू. एस. ए. के हार्वड विश्वविद्यालय का था। दुनिया के 15 श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में 11 विश्वविद्यालय यू. एस. ए. के तथा 4 ब्रिटेन के हैं। यह आकलन चीन शंघाई जियाओं तोंग युनिवर्सिटी का है। विश्व के विश्वविद्यालय की एकेडमिक रैंकिंग 6 विभिन्न मानकों के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष 2008 से की जाती रही है। वर्ष 2010 की ऐसी रैंकिंग जो वर्ष 2008 के लिए है में शीर्ष स्थान अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय का है। पिछले लगातार 8 वर्षों से हार्वर्ड विश्वविद्यालय का स्थान सर्वोच्च रहा है। दूसरे स्थान पर ब्रिटेन का कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय है।

**130. किस देश की संसद ने 14 सितम्बर, 2010 को कानून बनाकर 'बुर्का' को प्रतिबन्धित कर दिया?**

(A) यू. एस. ए. (B) फ्रांस

(C) इटली (D) हॉलैण्ड

उत्तर-(B)

व्याख्या-फ्रास की संसद ने 14 सितम्बर, 2010 को कानून बनाकर बुर्का को प्रतिबन्धित कर दिया। फ्रांस की सीनेट में पारित बिल के मुताबिक फ्रांस में किसी सार्वजनिक स्थान पर बुर्का पहनने की मनाही होगी। इस बिल को निचले सदन में जुलाई 2010 में पास कर दिया गया था। इससे करीब दो हजार महिलाएँ प्रभावित होगी। सीनेट ने इस बिल पर एक बनाम 246 वोटों से मुहर लगाई थी।

स्रोत-समसामयिकी।

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**131. श्री अर्जुन मुण्डा ने 11 सितम्बर, 2010 को झारखण्ड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 81 सदस्यीय विधानसभा के कितने विधायकों ने उन्हें समर्थन दिया ?**

(A) 41 (B) 45

(C) 50 (D) 55

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-अर्जुन मुण्डा ने 11 सितम्बर, 2010 को झारखण्ड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 81 सदस्यीय झारखण्ड विधानसभा में उन्हें 45 विधायकों का समर्थन मिला।

**स्रोत**-समसामयिकी।

**132. श्री पी. जे. थॉमस, जो 7 सितम्बर, 2010 को केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त नियुक्त किए गए थे, वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के किस राज्य के संगठन के अधिकारी हैं?**

(A) असोम (B) कर्नाटक

(C) केरल (D) तमिलनाडु

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-श्री पी. जे. थॉमस जो 7 सितम्बर, 2010 को केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त नियुक्त किए गए थे, वे भारतीय प्रशासनिकसेवा के केरल राज्य के अधिकारी है।

**स्रोत**-समसामयिकी।

**133. 16 वें एशियाई खेल, 2010 में भारत की उपलब्धियों को सुमेलित कीजिए।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. क्रम | P. 14 |
| B. स्वर्ण | Q. 33 |
| C. रजत | R. 06 |
| D. कांस्य | S. 17 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | Q | R | P | S |
| (B) | R | P | S | Q |
| (C) | P | Q | R | S |
| (D) | S | R | P | Q |

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-16वें एशियाई खेलों में भारत का पदक तालिका में छठा क्रम रहा। इन खेलों में भारत ने 14 स्वर्ण, 17 रजत एवं 33 कॉस्य सहित कुल 64 पदक जीतें।

**स्रोत**-समसामयिकी

**134. विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कार, 2010 पाने वाली प्रथम महिला सुश्री शुभा तोले किस संस्था से है।**

(A) टाटा इन्टीट्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च, मुम्बई

(B) इण्डियन इन्स्टीटयूट ऑफ साइन्स एजुकेशन एण्ड रिसर्च, पुणे

(C) इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर

(D) इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ साइन्स, बंगलुरू।

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कार, 2010 पाने वाली प्रथम महिला सुश्री शुभा तोले का सम्बन्ध टाटा इन्टीट्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च, मुम्बई से है।

**स्रोत**-समसामयिकी।

**135. किस भारतीय को 'विश्व राजनेता सम्मान', 2010 से सम्मानित किया गया?**

(A) श्रीमती सोनिया गाँधी

(B) अटल बिहारी वाजपेयी

(C) डॉ॰ मनमोहन सिंह

(D) लालकृष्ण आडवाणी

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-डॉ॰ मनमोहन सिंह को हाल ही में विश्व राजनेता सम्मान, 2010 से सम्मानित किया गया है।

**स्रोत**-समसामयिकी

**136. राष्ट्रमण्डल खेल 2010 में भारत ने कुल 101 पदक जीते। इनमें से टीम खेल, महिला और पुरुषों को क्रमशः कितने पदक मिलें?**

(A) 0,37,64 (B) 2,35,64

(C) 1,37,63 (D) 1, 36,64

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-राष्ट्रमण्डल खेल, 2010 में भारत ने कुल 101 पदक जीते। इनमें से टीम खेल, महिला और पुरुषों को क्रमशः 1,36 व 64 पदक मिले। पदक तालिका में भारत का दूसरा स्थान रहा।

**स्रोत**-समसामयिकी।

**137. 2001 की जनगणना के अनुसार, बिहार राज्य की कुल जनसंख्या कितनी है ?**

(A) 8,29,98,509 (B) 7,62,10,007

(C) 9,68,78,627 (D) 8,01,76,197

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-2001 की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या 82998509 है, जो भारत की कुल आबादी का 8.07% है।

**स्रोत**-जनगणना 2001 के रिपोर्ट



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**138. पूर्वी मध्य रेलवे क्षेत्र का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ?**

(A) पटना (B) हाजीपुर

(C) मुजफ्फरपुर (D) कटिहार

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-देश में पहलीबार रेलवे परिचालन की शुरूआत 1853 में हुई थी, जो मुबई से थाणे तक (34 k.m) थी। 31 मार्च, 2011 तक रेलवे स्टेशनों की संख्या 7133 तथा रेलमार्ग की कुल लम्बाई 64460 k.m थी। जिसमें से 43% का विद्युतीकरण हो चुका है। वर्तमान में 17 रेलवे जोन है। पूर्वी मध्य रेलवे का मुख्यालय हाजीपुर है जो बिहार में स्थित है।

**स्रोत**-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं०-882

**139. बिहार के उद्योगों का कमिश्नर दफ्तर कहाँ स्थित है ?**

(A) पटना (B) गया

(C) हाजीपुर (D) मुजफ्फरपुर

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-बिहार में उद्योगों का कमिश्नर दफ्तर पटना में अवस्थित है।

**स्रोत**-बिहार विवॉस पैनोरमा।

**140. उत्तर बिहार किसके लिए प्रसिद्ध है।**

(A) कृषि समृद्धि (B) भारी उद्योग

(C) बाढ़ (D) सूखा

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-उत्तरी बिहार में बहुत सारी नदियाँ हैं जो नेपाल से निकलती और उत्तर से आकर गंगा में मिलती हैं। जिसके कारण हाल के वर्षों में बहुत बाढ़ आती रही है।

**स्रोत**-सृजन, बिहार विशेष।

**141. बिहार में यद्यपि "जमींदारी" सैद्धान्तिक रूप से 1952 में हटा दी गई थी, तथापि भू-नियंत्रण का सामाजिक आधार निम्नलिखित के हाथों रह गया-**

(A) मध्यम जाति के हिन्दू

(B) अनुसूचित जाति के हिन्दू

(C) प्रधान जाति के हिन्दू

(D) अनुसूचित जनजाति के हिन्दू

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-बिहार में जमींदारी उन्मूलन अधिनियम 1950 में लाया गया, जिससे 1952 में जमींदारी प्रथा हटा दी गयी तथापि भू-नियंत्रण का सामाजिक आधार प्रधान जाति के हिन्दू के हाथों में रह गया।

**142. बिहार राज्य (विभाजन-पूर्व) में कितने 'औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण' थे ?**

(A) छः, यथा-आदित्यपुर, बोकारो, पटना, राँची, दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर

(B) पाँच, यथा-आदित्यापुर, बोकारो, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं पटना

(C) सात, यथा-आदित्यापुर, बोकारो, पटना, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, राँची एवं भोजपुर

(D) चार, यथा-आदित्यपुर, मुजफ्फरपुर, भोजपुर एवं खगड़िया

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-विभाजन-पूर्व बिहार राज्य में 6 औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण थे। ये प्राधिकरण आदित्यपुर, बोकारो, राँची, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं पटना।

**स्रोत**-सृजन, सामान्य अध्ययन मेन्स, भूगोल, बिहार की अर्थव्यवस्था, पी.सी. वर्मा

**143. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (NH-2) पर स्थित नहीं है ?**

(A) औरंगाबाद

(B) सासाराम

(C) मोहनिया

(D) पटना

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-पटना शहर NH-2 पर स्थित नहीं है। यह मोहनिया औरंगाबाद एवं सासाराम से गुजरती है। NH-2 कोलकता से दिल्ली तक है।

**स्रोत**-ऑक्सफोर्ड स्कूल एटलस-पृष्ठ-36, सृजन, बिहार विशेष पृष्ठ सं०-61

**144. पटना अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा निम्नलिखित से सीधे जुड़ा हुआ है-**

(A) काठमाण्डू (नेपाल) नई दिल्ली, कोलकता, मुम्बई, लखनऊ, वाराणसी एवं राँची

(B) बंगलुरू, हैदराबाद एवं ढाका

(C) इस्लामाबाद, ढाका एवं बंगलुरू

(D) वाशिंगटन, ढाका एवं चेन्नई

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-पटना में स्थित जयप्रकाश अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा काठमाण्डू (नेपाल), नई दिल्ली, कोलकता, मुम्बई, लखनऊ वाराणसी एवं राँची से सीधे जुड़ा हुआ है।



Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

**145. योजना आयोग ने 1993–94 में बिहार के लिए गरीबी-रेखा से नीचे (BPL) का निम्नलिखित प्रतिशत प्राक्कलित किया-**

(A) 55 (B) 65

(C) 45 (D) 35 **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-योजना आयोग के अनुसार 1993-94 में बिहार के लिए गरीबी रेखा से नीचे (BPL) का प्रतिशत 55% प्राक्कलित किया गया था। 1993-94 में अखिल भारतीय स्तर पर 36% था। 2004-2005 अवधि में उपभोग के आधार पर बिहार में गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों का प्रतिशत 44.4% है। वही अखिल भारतीय 27.5% प्राक्कलित किया गया है।

**146. बिहार की उस योजना का नाम बताएँ, जो 'निर्यातोन्मुखी इकाइयों' की स्थापना के लिए अपेक्षित उच्च स्तरीय अवसंरचनात्मक सुविधाओं के निर्माण पर ध्यान देती है।**

(A) इन्टिग्रेटेड इन्फ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेन्ट (आई.आई.डी.)

(B) एक्सपोर्ट प्रोमोशन इन्डस्ट्रीयल पार्क (ई.पी.आई.पी.)

(C) कन्सेप्ट ऑफ बिल्ड ऑपरेट-ट्रान्सफर (बी.ओ.टी.)

(D) सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एस.टी.पी./एच.टी.पी.)

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-इन्टिग्रेटेड इन्फ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेन्ट (IID) बिहार राज्य में निर्यातोन्मुखी इकाइयों की स्थापना के लिए अपेक्षित उच्च स्तरीय अवसरंचनात्मक सुविधाओं के निर्माण पर ध्यान देता है।

**स्रोत**-बिहार की अर्थव्यवस्था, पी.सी. वर्मा

**147. '2G स्पेक्ट्रम' में अक्षर 'G' किस शब्द के लिए प्रयुक्त है?**

(A) ग्लोबल (B) गर्वनमेन्ट

(C) जनरेशन (B) गूगल

**उत्तर-(C)**

**148. 'टिस्को' संयंत्र किसके नजदीक स्थित है?**

(A) पटना (B) दरभंगा

(C) धनबाद (D) टाटानगर

**उत्तर-(D)**

**149. संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी के पूर्व केन्द्रीय मंत्री ए. राजा किस दल से हैं-**

(A) काँग्रेस

(B) भाजपा

(C) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

(D) डी. एम. के.

**उत्तर-(D)**

**150. काँग्रेस ने 'स्वराज' प्रस्ताव 1905 में पारित किया। प्रस्ताव का उद्देश्य था-**

(A) अपने लिए संविधान बनाने का अधिकार, परन्तु ऐसा नहीं हुआ।

(B) स्वशासन सुनिश्चित करना।

(C) उत्तरदायी सरकार

(D) स्वयं की सरकार

**उत्तर-(D)**

●●●

Downloaded From: https://www.dhyeyaias.com

# Subscribe Dhyeya IAS Email Newsletter
# (ध्येय IAS ई-मेल न्यूजलेटर सब्स्क्राइब करें)

जो विद्यार्थी ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप (Whatsapp Group) से जुड़े हुये हैं और उनको दैनिक अध्ययन सामग्री प्राप्त होने में समस्या हो रही है | तो आप हमारेईमेल लिंक Subscribe कर ले इससे आपको प्रतिदिन अध्ययन सामग्री का लिंक मेल में प्राप्त होता रहेगा | **ईमेल से Subscribe करने के बाद मेल में प्राप्त लिंक को क्लिक करके पुष्टि (Verify) जरूर करें अन्यथा आपको प्रतिदिन मेल में अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं होगी |**

**नोट (Note): अगर आपको हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्ययन सामग्री प्राप्त करनी है, तो आपको दोनों में अपनी ईमेल से Subscribe करना पड़ेगा | आप दोनों माध्यम के लिए एक ही ईमेल से जुड़ सकते हैं |**




ध्येयIAS
most trusted since 2003
**Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009**
**Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400**

# ध्येय IAS अब व्हाट्सएप पर

## Dhyeya IAS Now on Whatsapp

**नोट: अगर आपने हमारा Whatsapp नंबर अपने Contact List में Save नहीं किया तो आपको प्रीतिदिन के मैटेरियल की लिंक प्राप्त नहीं होंगी इसलिए नंबर को Save जरूर करें।**

**ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप से जुडने के लिए 9355174441 पर "Hi Dhyeya IAS" लिख कर मैसेज करें**

**आप हमारी वेबसाइट के माध्यम से भी जुड सकते हैं**

www.dhyeyaias.com
www.dhyeyaias.in

ध्येयIAS®
most trusted since 2003

**Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009**
**Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400**